सावरकर समग्र के खंड 'हिंदीसमयडॉटकॉम' पर उपलब्ध

वर्धा, दि. 28 मई 2014: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के अव्यावसायिक अकादमिक उपक्रम 'हिंदीसमयडॉटकॉम' पर स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर समग्र के दस खंडों में से दो खंड उपलब्ध कराए गये हैं। विनायक दामोदर सावरकर की जयंती के दिन 28 मई को इसे पाठकों के लिए उपलब्ध कराया गया है।

भारतमाता की स्वतंत्रता के लिए प्राण हथेली पर रखकर जूझनेवाले महान क्रांतिकारी; जातिभेद, अस्पृश्यता व अंधश्रद्धा जैसी सामाजिक बुराइयों को समूल नष्ट करने का आग्रह करनेवाले महान द्रष्टा, 'गीता' के कर्मयोग सिद्धांत को अपने जीवन में आचरित करनेवाले अद्‌भुत कर्मयोगी, अंडमान जेल की यातनाओं को धैर्यपूर्वक सहनेवाले महान दार्शनिक, अपने तेजस्वी विचारों से सहस्रों श्रोताओं को झकझोर देने और उन्हें सम्मोहित करनेवाले अद्‌भुत वक्ता थे- सावरकर। स्वातंत्र्य समर के ऐसे क्रांतिकारी, जिन्हें ब्रिटिश सरकार द्वारा दो बार आजन्म कारावास की सजा सुनाई गई। प्रथम साहित्यकार, जिन्होंने लेखनी और कागज से वंचित होने पर भी अंडमान जेल की दीवारों पर कीलों, काँटों और यहाँ तक कि नाखूनों से विपुल साहित्य का सृजन किया और ऐसी सहस्रों पंक्तियों को वर्षों तक कंठस्थ कराकर अपने सहबंदियों द्वारा देशवासियों तक पहुँचाया। वे जितने बड़े क्रांतिकारी, उतने ही बड़े साहित्यकार भी थे। कविता, उपन्यास, कहानी, चरित्र, आत्मकथा, इतिहास, निबंध आदि विभिन्न विधाओं में उच्च कोटि का साहित्य रचा। अंडमान एवं रत्नागिरि की काल कोठरी में रहकर 'कमला', 'गोमांतक' एवं 'विरहोच्छवास' और 'हिंदुत्व', 'हिंदू पदपादशाही', 'उ: श्राप', 'उत्तरक्रिया', 'संन्यस्त खड्‌ग' आदि महत्त्वपूर्ण ग्रंथ लिखे।

भारतीय वाङ्मय में स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर के साहित्य का अत्यंत महत्त्वपूर्ण स्थान है; किंतु वह अधिकांश मराठी में उपलब्ध होने के कारण इस महान साहित्यकार के अप्रतिम योगदान के बारे में अन्य भारतीय भाषाओं के पाठक अधिक परिचित नहीं हैं। अभी भी सावरकर जी की डायरी, महापुरुषों के साथ उनका पत्राचार, उनके द्वारा लिखी हुई कुछ सामग्रियाँ अप्रकाशित हैं। उनके साहित्य को संकलित कर सावरकर समग्र दस खंडों में प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली ने प्रकाशित किया है। सावरकर समग्र जन-जन तक पहुँचे, इसके लिए महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय,वर्धा की महत्वाकांक्षी परियोजना 'हिंदी समय' पर इसे उपलब्ध करवाया गया है। शेष खंडों को शीघ्र ही उपलब्ध कराया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में प्रकाशन प्रभारी प्रो.अवधेश कुमार, सह प्रकाशन प्रभारी डॉ. अमरेंद्र कुमार शर्मा, संपादक डॉ. अमित कुमार विश्वास, संपादकीय सहयोगी डॉ. कुलदीप कुमार पाण्डेय, लीला प्रभारी डॉ. अंजनी कुमार राय व तकनीकी सहायक रवि वानखडे के सहयोग से सावरकर समग्र के दो खंडों को पाठकों के लिए हिंदी समय पर उपलब्ध कराया गया है। सावरकर समग्र की कॉपीराइट सात्यकी सावरकर द्वारा दिए जाने पर हिंदी समय के संपादक डॉ. अमित कुमार विश्वास ने उनका आभार व्यक्त किया है।

सावरकर समग्र के खंड 'हिंदीसमयडॉटकॉम' पर उपलब्ध

वर्धा, दि. 28 मे 2014: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाचा अव्यावसायिक अकादमिक उपक्रम 'हिंदीसमयडॉटकॉम' वर स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर समग्रच्या दहा खंडांपैकी दोन खंड उपलब्ध करण्यात आले आहेत. विनायक दामोदर सावरकर यांच्या जयंतीचे औचित्य साधून 28 मे रोजी हे खंड जगभरातील वाचकांकरिता उपलब्ध करण्यात आले आहेत. सावरकर हे स्वातंत्र्यासाठी प्राण पणाला लावणारे महान क्रांतिकारक; जातीभेद, अस्पृश्यता व अंधश्रद्धा सारख्या सामाजिक कुप्रथांना समूळ नष्ट करण्याचा आग्रह करणारे महान द्रष्टा; गीतेतील' कर्मयोग सिद्धांत जीवनात आचरित करणारे अद्‌भुत कर्मयोगी; अंदमान कारागृहातील यातनांना धैर्यपूर्वक सहन करणारे महान दार्शनिक व आपल्या तेजस्वी विचाराने सम्मोहित करणारे अद्‌भुत वक्ता होते. ते स्वातंत्र्य समरातील असे क्रांतिकारी होते ज्यांना ब्रिटिश सरकारने दोनदा आजन्म कारावासाची शिक्षा दिली होती. त्यांनी लेखनी व कागदापासून वंचित असूनही अंदमान कारागृहाच्या भिंतींवर खिळे, काटे आणि नखांनी विपुल साहित्य लिहिले व ते लोकांपर्यंत पोचविले. ते जेवढे मोठे क्रांतिकारक तेवढेच मोठे साहित्यिक होते. त्यांनी कविता, कादंबरी, कथा, चरित्र, आत्मकथा, इतिहास, निबंध या विधांमध्ये उच्च कोटीचे साहित्य लिहिले. अंदमान व रत्नागिरीच्या काल कोठरीत राहून त्यांनी 'कमला', 'गोमांतक' व 'विरहोच्छवास' आणि 'हिंदुत्व', 'हिंदू पदपादशाही', 'उ: श्राप', 'उत्तरक्रिया', 'संन्यस्त खड्‌ग' इत्यादी महत्त्वपूर्ण ग्रंथ लिहिले.

भारतीय वाङ्मयात स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर यांच्या साहित्याला अत्यंत महत्त्वाचे स्थान आहे; तथापि ते बहुतांश मराठी भाषेत असल्याने अन्य भारतीय भाषांमधील वाचकांना अधिक परिचित नाहीत. अजूनही सावरकर यांची डायरी, महापुरुषांसोबत त्यांचा पत्रव्यवहार हा अप्रकाशितच आहे. त्यांचे साहित्य संकलित करुन सावरकर समग्र दस खंडात प्रभात प्रकाशन, नवी दिल्लीने प्रकाशित केले आहे. सावरकर समग्र लोकांमध्ये पोचण्यासाठी महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाने 'हिंदी समय' या आपल्या महत्वाकांक्षी परियोजनेवर उपलब्ध करवून दिले आहे. शेष खंड लवकरच उपलब्ध करण्यात येणार आहे.

विश्वविद्यालयाचे कुलगुरु प्रो. कृष्ण कुमार सिंह यांच्या मार्गदर्शनात प्रकाशन प्रभारी प्रो.अवधेश कुमार, सह प्रकाशन प्रभारी डॉ. अमरेंद्र कुमार शर्मा, संपादक डॉ. अमित कुमार विश्वास, संपादकीय सहयोगी डॉ. कुलदीप कुमार पांडे, लीला प्रभारी डॉ. अंजनी कुमार राय व तकनीकी सहायक रवि वानखडे यांच्या सहकार्याने सावरकर समग्रचे दोन खंड वाचकांकरिता हिंदी समय वर उपलब्ध करण्यात आले आहेत. सावरकर समग्रची कॉपीराइट सात्यकी सावरकर द्वारा देण्यात आली असून यासाठी संपादक डॉ. अमित कुमार विश्वास यांनी त्यांचे आभार मानले आहे.